आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक

# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 168 | उज्जैन, रविवार 11 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना पूरे विश्व में भूजल भंडारण का नया अध्याय लिखेगी-मुख्यमंत्री

### केन-बेतवा और पीकेसी के बाद दशकों से रूकी तीसरी महत्वपूर्ण परियोजना का मार्ग हुआ प्रशस्त

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंडवॉटर रीचार्ज परियोजना है। यह एक अनूठी परियोजना है जो पूरे विश्व में भूजल पुनर्भरण का नया अध्याय लिखेगी। इससे प्रदेश के बड़े क्षेत्र विशेष रूप से निमाड़ का भूजल स्तर बढ़ेगा और यह वहां के लिए जीवन दायिनी सिद्ध होगी। इससे मध्य प्रदेश के लगभग 01 लाख 23 हजार तथा महाराष्ट्र के 2 लाख 37 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा विकसित होगी। यह सौभाग्य का विषय है कि आज महाराष्ट्र सरकार के साथ इस परियोजना के एमओयू पर हस्ताक्षर




हुए हैं। दशकों से रूकी पड़ी मेगा रिचार्ज योजना की दिशा में हम आगे बढ़े हैं। पहले भी केन-बेतवा तथा पार्वती काली सिंध चंबल परियोजनाओं की दशकों से अटकी परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। एमओयू के उपरांत दोनों राज्य सरकारें भारत सरकार को तापी मेगा रिचार्ज योजना को अंतर्राज्यीय राष्ट्रीय सिंचाई परियोजना की स्वीकृति के लिए अनुरोध करेंगी।

कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना के एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए। इसके पहले मंत्रालय वल्लभ भवन में मध्यप्रदेश महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक में तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना सहित दोनों राज्यों की अन्य सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में चर्चा हुई और निर्णय लिए गए।

## नूर खान, रफीकी, मुरीद, पाक के लिए बेहद अहम हैं ये एयरबेस; भारत ने क्यों बनाया निशाना?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों के बाद कड़ा जवाब देते हुए भारत ने रफीकी, मुरीद, चकलाला और रहीम यार खान में पाकिस्तानी वायुसेना के ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए हैं। सुक्कुर और चुनिया में पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों, पसरूर में रडार साइट और सियालकोट विमानन बेस को भी निशाना बनाया गया।

शनिवार को सरकारी ब्रीफिंग के दौरान विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि भारत के सटीक हमलों में केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि हमारे लड़ाकू विमानों से हवा में दागे जाने वाले सटीक हथियारों का इस्तेमाल करके रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनियन में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। पसरूर और सियालकोट एविएशन बेस पर रडार साइटों को भी सटीक हथियारों का इस्तेमाल करके निशाना बनाया गया।

जानकारी दें कि भारत ने अपने लक्ष्य का चयन काफी सावधानी के साथ किया है। इसका मुख्य उद्देश्य पाकिस्तान की ड्रोन और लड़ाकू विमानों के जरिए हवाई हमले करने की क्षमता को कमजोर करना रहा। माना जा रहा है कि वायु सेना केंद्रों पर हमले से पाकिस्तान की हवाई टोही और लंबी दूरी की हमला करने की क्षमता पर असर पड़ने की संभावना है।

## पाकिस्तान का झूठ फिर बेनकाब, बोला- भारतीय कर रहे सरकार की आलोचना; मिला दो टूक जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। फौजी लगाम से चलने वाला पाकिस्तान ने लोकतांत्रिक भारत को लेकर तंज कसा है। दरअसल पाकिस्तानी फौज के मीडिया विंग ISPR के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल ने दावा किया है कि भारतीय लोग अपनी ही सरकार की आलोचना कर रहे हैं।

इसके जवाब में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा, अपनी सरकार की आलोचना करना किसी खुले और सक्रिय लोकतंत्र की पहचान होती है। पाकिस्तान को यह देखकर हैरानी हो सकती है, लेकिन इसमें कुछ नया नहीं है।

पाकिस्तान को लोकतंत्र की रवायत नहीं मालूम- विदेश सचिव ने कहा, पाकिस्तानी फौज के प्रवक्ता को इस बात की खुशी है कि भारत में लोग अपनी सरकार की आलोचना कर सकते हैं। यह उनके लिए नई बात हो सकती है, लेकिन हमारे लिए यह लोकतंत्र की परंपरा है। पाकिस्तान का इस रवायत से अनजान होना कोई हैरानी की बात नहीं। गौरतलब है कि पाकिस्तान भले ही संवैधानिक रूप से एक लोकतंत्र है, लेकिन 1947 में आजादी के बाद से वहां बार-बार फौजी तख्तापलट और फौजी हुकूमतें देश को चलाती रही हैं।

## देश के 15 शहरों पर हमले की कोशिश, बाल भी बांका नहीं कर पाया पाकिस्तान

नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 6 और 7 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर उसे नेस्तनाबूद कर दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के 15 सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की।



लेकिन भारत के एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने पाकिस्तान के मंसूबे का नाकामयाब कर दिया। एस-400 डिफेंस सिस्टम को भारत का सुदर्शन चक्र भी कहा जाता है। इस एयर डिफेंस सिस्टम में इतनी खूबियां हैं कि पाकिस्तान तो क्या, पूरी दुनिया इसका लोहा मानती है। एस-400 रूस द्वारा तैयार किया गया खास एयर डिफेंस सिस्टम है। इसे विमान से लेकर बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों तक के हवाई खतरों का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका निर्माण रूस की आर्म्स इंडस्ट्री कंपनी अल्माज-एंटे ने किया है।

एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम कई रडार और मिसाइल के इस्तेमाल से एक साथ 36 लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। कल पाकिस्तान की तरफ से जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के करीब 15 शहरों पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन एस-400 ने इन हमलों को नाकाम कर दिया।

एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की डिटेक्शन रेंज 600 किलोमीटर बताई जाती है। यह 400 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्य को भेदने में भी सक्षम है।

## भारत ने अपने टारगेट पर सटीक हमला किया, विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाक के इरादे को किया बेनकाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों के बाद कड़ा जवाब देते हुए भारत ने रफीकी, मुरीद, चकलाला और रहीम यार खान में पाकिस्तानी वायुसेना के ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए हैं। सुक्कुर और चुनिया में पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों, पसरूर में रडार साइट और सियालकोट विमानन बेस को भी निशाना बनाया गया।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी और कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान भारत की पश्चिमी सीमा पर आक्रामक कार्रवाइयों के जरिए उकसावे वाले कार्य कर रहा है।

पाक नागरिक क्षेत्रों को बना रहा है निशाना - उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने नागरिक क्षेत्रों और सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए नागरिक विमानों, लंबी दूरी के हथियारों और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया।

विंग कमांडर ने कहा, ÷भारतीय सशस्त्र बलों ने इन खतरों सफलतापूर्वक बेअसर कर दिया। हालांकि, उधमपुर, पठानकोट, आदमपुर और भुज में भारतीय वायु सेना के स्टेशनों पर उपकरणों और कर्मियों को सीमित नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने कायरतापूर्ण कृत्य करते हुए एक चिकित्सा केंद्र और स्कूल परिसर सहित नागरिक क्षेत्रों पर हमला किया है।

विंग कमांडर सिंह ने कहा, एक त्वरित और सुनियोजित प्रतिक्रिया में भारतीय वायुसेना ने केवल चिन्हित सैन्य लक्ष्यों पर ही सटीक हमले किए।

## खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने फैलाई झूठी खबर, भारत ने नहीं किया नानकाना साहिब गुरुद्वारे पर हमला




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अब खालस्तानी आतंकी पन्नू ने एंट्री मारी है और उसने प्रोपगैंडा के तहत भारत के खिलाफ झूठी खबर फैलाने का काम किया है।

भारत सरकार ने शनिवार को उन दावों को खारिज कर दिया, जिसमें यह बोला गया था कि भारत ने पाकिस्तान में ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया था।

पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने दावे को फर्जी बताते हुए कहा, सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि भारत ने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है।

## भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम का एलान, विदेश सचिव बोले- 12 मई को फिर बात करेंगे DGMO

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम का एलान हो गया है। आज शाम 5 बजे से युद्धविराम की शुरुआत हो गई।

भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने यह जानकारी दी है। दोनों देशों के DGMO (Director General Of Military Operations) वार्ता के बाद युद्ध विराम पर सहमति जताई गई। विक्रम मिसरी ने जानकारी दी कि दोनों देश के DGMO फिर 12 मई को बात करेंगे।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी जानकारी दी की दोनों देशों के बीच युद्ध विराम हो गया है। एस जयशंकर ने एक्स पर कहा, भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई है। भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख अपनाया है। वह ऐसा करना जारी रखेगा।



पाकिस्तान ने भी की युद्ध विराम की पुष्टि - पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने भी युद्ध विराम की पुष्टि की है। इशाक डार ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है!

ट्रंप ने दी युद्ध विराम की जानकारी - शनिवार को सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के बीच युद्ध विराम का एलान किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान तत्काल प्रभाव से सीजफायर के लिए तैयार हो गए हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर इस बात की जानकारी दी।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी रात की बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को सामान्य बुद्धि और महान बुद्धिमत्ता का उपयोग करने के लिए बधाई।

# जरूरत पड़ी तो..., भारत के साथ जारी युद्ध के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का एक और अजीबोगरीब बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच बीते कुछ दिनों से युद्ध जारी है। इस बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक और अजीबोगरीब बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ता है तो मदरसा छात्र पाकिस्तान की दूसरी रक्षा पंक्ति के रूप में काम करेंगे।

संसद को संबोधित करते हुए आसिफ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर मदरसा के छात्रों को तैनात किया जाएगा। आसिफ ने कहा, जहां तक मदरसा और उनके छात्रों का सवाल है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे हमारी दूसरी रक्षा पंक्ति हैं।

उन्होंने कहा, वहां पढ़ने वाले युवा धर्म से अच्छी तरह जुड़े हुए हैं...उनका इस्तेमाल शहर या अन्य जरूरतों के लिए 100% किया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तानी सेना ने दुश्मन को रणनीतिक सैन्य स्थिति का पता लगाने से रोकने के लिए जानबूझकर मुठभेड़ से परहेज किया।

आसिफ ने कहा, कल जो ड्रोन हमला हुआ, वह मूल रूप से हमारे ठिकानों का पता लगाने के लिए किया गया था। यह एक तकनीकी मामला है, जिसके बारे में मैं विस्तार से नहीं बताऊंगा। उन्होंने कहा, और इसीलिए उन्हें रोका नहीं जा सका - ताकि हमारे ठिकानों की जानकारी लीक न हो जाए।

सोशल मीडिया को बताया था सबूत- इससे पहले आसिफ को इस बात के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था कि वह अपने उस दावे के समर्थन में विश्वसनीय सबूत नहीं दे पाए कि पाकिस्तान ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पांच भारतीय जेट विमानों को मार गिराया था। एक इंटरव्यू के दौरान जब उनसे विस्तृत जानकारी मांगी गई, तो आसिफ ने सोशल मीडिया को अपना सबूत बताया- जिसके बाद सीएनएन की एक एंकर ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई और याद दिलाया कि सोशल मीडिया सैन्य दावों के लिए विश्वसनीय आधार नहीं है।

आसिफ ने कहा, यह सब सोशल मीडिया पर है- भारतीय सोशल मीडिया पर, हमारे सोशल मीडिया पर नहीं। इन जेट विमानों का मलबा कश्मीर में गिरा।

# जहां पलते हैं आतंकी वहीं किया वार, ऑपरेशन सिंदूर से अमेरिकी पत्रकार हुई गदगद; सुनाई साल 2002 की हैरान करने वाली कहानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के तनाव के बीच अमेरिकी पत्रकार और वॉल स्ट्रीट जर्नल की पूर्व रिपोर्टर आसरा नोमानी ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के दक्षिणी हिस्से में स्थित बहावलपुर शहर को लंबे समय से आतंकवाद की नर्सरी माना जाता रहा है।



डैनियल पर्ल प्रोजेक्ट की सह-संस्थापक आसरा नोमानी ने इस इलाके में पनपे आतंकी नेटवर्कों पर वर्षों से रिपोर्टिंग की है। उन्होंने भारत की ऑपरेशन सिंदूर को 'बहुत जरूरी कार्रवाई' बताया है, जो एक ऐसे शहर पर हमला था जहां से दशकों से आतंकवाद फैलाया जा रहा था।

आसरा नोमानी ने कहा कि इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के भाई अब्दुल रऊफ असगर के मारे जाने की खबर है। यही वह व्यक्ति है जिसने उनके साथी पत्रकार डैनियल पर्ल का अपहरण और हत्या बहावलपुर में की थी।

एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए नोमानी ने लिखा कि जब उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के तहत बहावलपुर समेत पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर हमले की खबर मिली, तो उन्हें समझ में आ गया कि भारत ने आतंक के असली अड्डों पर वार किया है।

उन्होंने बताया कि उनके दोस्त और वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर डैनियल पर्ल दिसंबर 2001 में बहावलपुर गए थे। उस समय जनरल परवेज़ मुशर्रफ़ ने भारत में संसद पर हुए हमले के बाद आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का वादा किया था। पर्ल ने वहां खुलेआम चल रहे आतंकी दफ्तरों और ट्रेनिंग कैंपों की जानकारी इकट्ठा की थी।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने एस जयशंकर से की बात, पहले पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर को किया था फोन



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच फोन किया है।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने इससे पहले पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिफ मुनीर को भी फोन किया था। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस के मुताबिक, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की। विदेश मंत्री रुबियो ने इस बात पर ज़ोर दिया कि दोनों पक्षों को तनाव कम करने और गलतफहमी से बचने के लिए सीधे संवाद को फिर से स्थापित करने के तरीकों की पहचान करने की ज़रूरत है। उन्होंने भविष्य के विवादों को टालने के लिए उत्पादक चर्चाओं को सुविधाजनक बनाने में अमेरिकी समर्थन का प्रस्ताव रखा।

पाकिस्तानी विदेश मंत्री और आर्मी चीफ मुनीर को भी लगाया फोन- अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से भी बात की। विदेश मंत्री रुबियो ने दोहराया कि दोनों पक्षों को मौजूदा स्थिति को कम करने के तरीके खोजने चाहिए और गलत अनुमान से बचने के लिए सीधे संवाद को फिर से स्थापित करना चाहिए।

## पाकिस्तान के ढीले पड़े तेवर! विदेश मंत्री इशाक डार बोले- हम पीछे हटने को तैयार



नई दिल्ली (एजेंसी)। तनावपूर्ण हालातों के बीच भारत के सख्त रुख को देखते हुए पाकिस्तान के तेवर अब ढीले पड़ने लगे हैं।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के हालिया बयान से साफ हो गया कि पड़ोसी अब बैकफुट पर आने की तैयारी में है।

पाकिस्तानी नेताओं के बदले तेवर- शनिवार को जीओ टीवी से बातचीत के दौरान डार ने नरमी बरतने की वकालत करते हुए कहा कि भारत को अब आक्रमकता से रुक जाना चाहिए। अगर भारत रुकता है तो हम भी रुक जाएंगे। हम युद्ध के पक्षधार नहीं है। हम बेवजह विनाश और धन की बर्बादी नहीं चाहते हैं।

इसके साथ ही पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने परमाणु कमांड की बैठक स्थगित हो जाने की जानकारी दी है।

पाकिस्तान की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका और चीन जैसे देशों की तरफ से संयम बरतने की अपील की गई है। बताते चलें कि भारत की तरफ से पाकिस्तान की हर कोशिश को नाकाम करने का सिलसिला जारी है।

# भारत-पाक तनाव से बढ़ी दुनिया की टेंशन, क्या बोले चीन-अमेरिका समेत G-7 देश

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव पर पूरी दुनिया की निगाह टिकी है।अमेरिका से लेकर यूरोप और चीन समेत कई देशों ने रूष्ठ के हालातों पर चिंता जाहिर की है। सभी देश भारत और पाकिस्तान से तनाव कम करने और पीछे हटने की अपील कर रहे हैं।



पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने रात के अंधेरे में ड्रोन और मिसाइल अटैक शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने राजौरी, पुंछ और जम्मू समेत कई इलाकों में गोलीबारी की। वहीं भारत ने पलटवार करते हुए पाकिस्तान के चार एयरबेस तबाह कर दिए हैं। तो आइए जानते हैं भारत और पाकिस्तान के इस तनाव पर अन्य देशों का क्या कहना है?


चीन ने की शांति की अपील- चीन के विदेश मंत्रालय ने भारत और पाकिस्तान से शांति की अपील की है। चीन ने दोनों देशों से संयम बरतते हुए बातचीत से मामला हल करने की गुजारिश की है।

अमेरिका ने क्या कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी दोनों देशों में शांति स्थापित करवाने के पक्ष में हैं। वहीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का कहना है कि भारत-पाकिस्तान के तनाव से अमेरिका का कुछ लेना देना नहीं है।

जी-7 देश यानी अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, जापान, इटली और यूके ने एक साथ मिलकर पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की थी। वहीं, जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों और उच्च प्रतिनिधियों ने दोनों देशों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया है।

# परमाणु बम पर विचार..., तनाव के बीच पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का बड़ा बयान; भारत के एक्शन से बैकफुट पर आया

नई दिल्ली (एजेंसी)। आतंकी मुल्क पाकिस्तान ने भारत पर कई हवाई हमले करने की कोशिश की, लेकिन उसकी हर कोशिश को नाकाम कर दिया गया। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को धूल भी चटा दी। भारत के एक्शन के बाद से पाकिस्तान बिलबिलाता हुआ बैकफुट पर आ गया है।





पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि परमाणु विकल्प पर विचार नहीं किया जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने जियो न्यूज के हवाले से बताया, पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण की कोई बैठक नहीं बुलाई गई है।

गीदड़भभकी दे रहा आतंकी मुल्क- बता दें कि राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण पाकिस्तान के परमाणु हथियारों पर परिचालन संबंधी निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार है। ख्वाजा आसिफ ने गीदड़भभकी देते हुए कहा है कि भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद से हमारे पास विकल्प कम होते जा रहे हैं। सीमा पर पाकिस्तान द्वारा बार-बार उकसावे की कार्रवाई का भारत द्वारा मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। शनिवार को नई दिल्ली में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ की जा रही कार्रवाइयों को बढ़ावा देने वाली और उकसाने वाली प्रकृति का माना जा रहा है।

भारत ने हर हमला नाकाम किया- ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भारतीय सेना की कर्नल सोफिया ने कहा कि पाकिस्तान का लक्ष्य भारत का सैन्य बुनियादी ढांचा, नियंत्रण रेखा, अंतरराष्ट्रीय सीमा और 26 से अधिक स्थल थे।

# सब्र से काम लें..., जब पाक पर कहर बन बरसी भारतीय सेना तो चीन देने लगा शांति की दुहाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन ने शनिवार को भारत और पाकिस्तान से मौजूदा हालात को हौसला रखने और सब्र से काम लेने की अपील की है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच सैन्य तनाव बढ़ने की खबरों के बीच चीन ने कहा कि वे इस स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं और उन्हें मौजूदा हालात को लेकर अपील की है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हम दोनों पक्षों से सख्ती से अपील करते हैं कि वे अमन और स्थिरता को ध्यान में रखें, सब्र और हौसला दिखाएं, बातचीत और सियासी तरीके से मसले का हल तलाशें और ऐसे किसी भी कदम से बचें जो हालात को और भड़का सके।

अमन और इलाके की भलाई में है हल- चीनी प्रवक्ता ने कहा कि मौजूदा हालात में किसी भी तरह की गलतफहमी या उकसावे से बचा जाना चाहिए, क्योंकि इसका असर पूरे इलाके की अमन और तरक्की पर पड़ेगा। उन्होंने कहा, ÷यह भारत और पाकिस्तान दोनों के बुनियादी हित में है, साथ ही पूरे इलाके की स्थिरता और अमन के लिए भी जरूरी है। यही वो बात है जो पूरी दुनिया की बिरादरी चाहती है।

बयान में यह भी कहा गया कि चीन इस दिशा में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार है। चीन ने पहले ही पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी और साथ ही कहा था कि मामले की जांच होनी चाहिए।

22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकी लॉन्चपैड्स पर सटीक हमले किए थे।

# ओवैसी ने निकाली पाकिस्तान के ऑपरेशन बुनयान उल मरसूस की हवा, समझाया इसका मतलब



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव पर पूरी दुनिया की नजर है। गुरुवार रात से ही पाकिस्तान की ओर से भारत पर ड्रोन दागे जा रहे हैं। हालांकि, भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम की वजह से पाकिस्तान के सारे नापाक मंसूबे फेल हो रहे हैं। वहीं, भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान में जबरदस्त बमबारी की जा रही है।

इस समय देश में सभी राजनातिक दल एक सुर में केंद्र सरकार और सेना के साथ खड़ी है। AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी लगातार पाकिस्तान के खरी-खोटी सुना रहे हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने अपने नए हमले का नाम बुनियान-अल-मरसूस रखा है। यह कुरान शरीफ की एक आयत से है, जिसमें अल्लाह कहता है कि अगर तुम अल्लाह से प्यार करते हो, तो एक ठोस दीवार की तरह खड़े रहो।

लेकिन पाकिस्तान की सेना और प्रतिष्ठान बहुत झूठे हैं। उसी आयत से पहले, अल्लाह कहता है कि तुम ऐसी बातें क्यों कहते हो जो तुम नहीं करते। वे इतने झूठे हैं कि वे कुरान के पूरे उद्देश्य को समझना ही नहीं चाहते। क्या वे पूर्वी पाकिस्तान में बंगाली मुसलमानों पर गोलीबारी करते समय दीवार की तरह खड़े होना भूल गए थे?

ओवैसी ने आगे कहा कि पाकिस्तान मुस्लिम हितों का समर्थन करने का दावा करता है, लेकिन वह अफगान, ईरानी और बलूच जैसे अन्य मुस्लिम समुदायों के प्रति हिंसक रहा है।

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान यह आसानी से भूल जाता है कि भारत में 230 मिलियन से अधिक मुसलमान रह रहे हैं और हमारे पूर्वजों ने दो-राष्ट्र सिद्धांत को खारिज कर दिया था। हम जिन्ना द्वारा प्रस्तावित दो-राष्ट्र सिद्धांत का तिरस्कार करते हैं और उसे अस्वीकार करते हैं तथा भारत को अपना देश मानते हैं और हम यहीं रहेंगे। पाकिस्तान भारत को धर्म के आधार पर बांटना चाहता है, वह भारतीय मुसलमानों और हिंदुओं तथा यहां के अन्य समुदायों के बीच और अधिक टकराव पैदा करना चाहता है।

## किसानों के लिए आई खुशखबरी, समय से पहले देश में दस्तक देगा मानसून



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश भर के किसानों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। मानसून के निर्धारित समय से कम से कम पांच दिन पहले आने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून की बारिश भारत के दक्षिणी तट पर 27 मई को होने की उम्मीद है।

मानसून के पहले आने से चावल, मक्का और सोयाबीन जैसी फसलों की बंपर पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है। प्रत्येक साल मानसून 1 जून को दक्षिणी तट पर आता है जो पूरे देश में 10 जुलाई के करीब पहुंचता है।

मानसून भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा- जानकारी दें कि देश की 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा मानसून, भारत को खेतों को पानी देने और जलभृतों और जलाशयों को रिचार्ज करने के लिए आवश्यक लगभग 70% बारिश प्रदान करता है।

भारत की करीब आधी खेती योग्य भूमि बिना किसी सिंचाई कवर के, कई फसलों को उगाने के लिए वार्षिक जून-सितंबर की बारिश पर निर्भर करती है। इस बीच मानसून के जल्दी दक्षिणी तट से टकराने की खबर काफी राहत भरी होने वाली है।

## यूट्यूब ने सुरक्षा को लेकर लिया बड़ा फैसला, भारत में छह बांग्लादेशी टीवी चैनलों को ब्लॉक किया




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार की राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित चिंताओं का हवाला देते हुए किए गए अनुरोध के बाद यूट्यूब ने भारत में कम से कम छह बांग्लादेशी टेलीविजन चैनलों की पहुंच को प्रतिबंधित कर दिया है। भारत में जिन छह बांग्लादेशी टेलीविजन समाचार चैनलों को ब्लॉक किया गया है, वे हैं जमुना टीवी, एकत्तोर टीवी, डीबीसी न्यूज, समय टीवी, बांग्ला विजन न्यूज और मोहना टीवी।

चैनलों पर प्रतिबंध की प्रक्रिया- शुक्रवार को चार चैनल अवरुद्ध हो गए थे, जबकि शनिवार को डीबीसी न्यूज और समय टीवी को ब्लॉक सूची में जोड़ा गया। जियो-ब्लॉकिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उपयोग उपयोगकर्ता के भौगोलिक स्थान के आधार पर ऑनलाइन सामग्री को प्रतिबंधित करने के लिए किया जाता है।

अन्य देशों के खिलाफ कार्रवाई बांग्लादेशी टीवी समाचार चैनल वैश्विक रूप से उपलब्ध हैं। भारत सरकार ने पहले भी पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की है, जो कथित रूप से उत्तेजक या भ्रामक सामग्री फैला रहे थे। इस बीच, बांग्लादेशी प्रेस अंतरिम सरकार के तहत व्यवस्थित और संगठित दमन का सामना कर रहा है, जिसका नेतृत्व मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस कर रहे हैं।

## कौन था IC-814 हाईजैक का मास्टरमाइंड यूसुफ अजहर, ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने किया ढेर



नई दिल्ली (एजेंसी)। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ढांचों को निशाना बनाकर भारतीय जवानों ने हमला किया। इस एयर स्ट्राइक में कई मोस्ट वांटेड आतंकियों की मौत हुई थी। जिनकी लिस्ट सामने आई है।

समाचार एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि ऑपरेशन के परिणामस्वरूप जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के बहनोई मोहम्मद यूसुफ अजहर सहित प्रमुख आतंकी गुर्गो का सफाया हो गया।

कौन था यूसुफ अजहर- एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का प्रमुख सदस्य यूसुफ अजहर, जेईएम के आतंकवादियों के लिए हथियार प्रशिक्षण का काम संभालता था और जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल था।

जानकारी दें कि अजहर काठमांडू (नेपाल) से इंडियन एयरलाइंस के विमान आईसी-814 को हाईजैक कर दिल्ली ले जाने की साजिश में भी शामिल था। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस संख्या ए-565/6-2000 जारी किया गया था।

यहूदी-अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल ने क्या कहा- जानकारी दें कि यहूदी-अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल के पिता जूडिया पर्ल की आतंकियों ने 2002 हत्या कर दी थी। अब अजहर की मौत पर वहीं, यहूदी-अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

पर्ल ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मैं आप सभी का धन्यवाद करना चाहता हूं जो आज इस खबर के जवाब में मुझसे संपर्क किया कि भारत के सैन्य बलों ने अब्दुल रऊफ अजहर को मार गिराया है, जिसे मेरे बेटे डेनियल के अपहरण और हत्या के लिए जिम्मेदार बताया गया है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ- अजहर एक पाकिस्तानी चरमपंथी और आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का नेता था।

# अफगान के लोगों को याद दिलाने की जरूरत नही, भारत ने किया पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा का पर्दाफाश



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान की ओर से भारत पर लगातार ड्रोन से हमले किए जा रहे हैं। भारतीय सेना इसका मुंहतोड़ जवाब दे रही है। पाकिस्तान की ओर दागे गए ड्रोन्स को भारत नष्ट कर रहा है। इस बीच पाकिस्तान ने एक हास्यास्पद दावा किया है। दरअसल, भारत सरकार ने आज सुबह एक ब्रीफिंग में कहा कि भारत में गलत सूचना का उपयोग कर सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने की कोशिश करने के बाद, पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों ने हास्यास्पद दावा किया है कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान पर हमला किया है।

जानकारी दें कि भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारत द्वारा अमृतसर की ओर मिसाइल दागने की झूठी खबर भी फैलाई। विदेश सचिव ने अफगान लड़ाकों पर पाकिस्तान के हमलों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से बेबुनियाद आरोप है। मैं केवल यह बताना चाहता हूं कि अफगान लोगों को यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि कौन सा देश है जिसने पिछले डेढ़ साल में कई मौकों पर अफगानिस्तान में नागरिक बुनियादी ढांचे और आबादी को निशाना बनाया है।

मिसरी ने पाकिस्तान पर साधा निशाना - विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पाकिस्तान की इस हताश कोशिश पर भी निशाना साधा कि वह भारत सरकार को नाखुश नागरिकों के दबाव में दर्शाने की कोशिश कर रहा है। विदेश सचिव ने कहा कि ऐसा लगता है कि पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता इस बात से बहुत खुश हैं कि भारतीय जनता को विभिन्न मुद्दों पर भारत सरकार की आलोचना करनी चाहिए।

पाकिस्तान के लिए यह देखना आश्चर्यजनक हो सकता है कि नागरिक अपनी ही सरकार की आलोचना कर रहे हैं। यह किसी भी खुले और सक्रिय लोकतंत्र की पहचान है। पाकिस्तान का इससे अनभिज्ञ होना आश्चर्यजनक नहीं होना चाहिए।

# अब मीडिया चैनल्स पर नहीं सुनाई देगी सायरन की आवाज, सरकार ने दिए बड़े निर्देश




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बढ़े तनाव के बीच सरकार ने शनिवार को सभी मीडिया चैनलों को सलाह दी है कि वे सामुदायिक जागरूकता अभियान के अलावा अन्य कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन की आवाज का इस्तेमाल करने न करें।

सरकार ने क्या निर्देश दिए- अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड महानिदेशालय ने एक परामर्श में कहा कि नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सभी मीडिया चैनलों से अनुरोध किया जाता है कि वे लोगों को जागरूक करने के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमलों के सायरन की आवाज का उपयोग करने से बचें।

इसमें कहा गया है कि सायरन के नियमित उपयोग से हवाई हमलों के सायरन के प्रति नागरिकों की संवेदनशीलता कम हो सकती है और नागरिक इसे मीडिया चैनलों द्वारा वास्तविक हवाई हमलों के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली नियमित बात समझ सकते हैं।

सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों की लिस्ट की जारी- इस बीच सरकार ने पाकिस्तान और पीओके में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए आतंकियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में कई कुख्यात अपराधियों के नाम शामिल हैं, जिनकी मौत भारतीय सेना के हमले में हुई है।

ऑपरेशन सिंदूर- बता दें, पहलगाम नरसंहार के ठीक 15वें दिन मंगलवार रात करीब 1-44 बजे भारत ने पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। भारत ने इसे 'आपरेशन सिंदूर' नाम दिया था।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 कृष्ण चतुर्थदशी



## संपादकीय

# वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र पर पूरी दुनियाँ की नजरे ग़ड़ी रहती है...



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र पर पूरी दुनियाँ की नजरे ग़ड़ी रहती है, क्योंकि भारत में जितनी जनसंख्या किसी एक राज्य की है, दुनियाँ के कई देशों में उतनी ही जनसंख्या उस एक देश की है, तो ऐसे में भारत के कुल 28 राज्यों 8 केंद्र शासित प्रदेशों में नियंत्रण व समयबद्ध तरीके से चुनाव कराना एक चुनौती भरा कार्य माना जाता है, परंतु अनेक राज्यों में कुछ पेचीदगे मसलों या फिर कोर्ट के किसी मुद्दे के कारण चुनाव को टाला जाता है, जो मेरा मानना है कि ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि बिना चुनावों के ग्राम पंचायत से लेकर स्थानीय निकायों तक, विधान सभा से लेकर लोकसभा तक चुनावों को रोकना प्रशासन को अलोकतांत्रिक तरीके से शासन के अधीन रखना,लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का अपमान है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि दिनांक 5 मई 2025 माननीय सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों की चुनावी प्रक्रिया 4 माह में पूर्ण करने व 4 सप्ताह में चुनावी अधिसूचना जारी करने का निर्देश जारी कर दिया है, जिससे सभी छोटे से बड़े नेताओं में खलबली मच गई है व तैयारीयों में जुट गए हैं। मैं अपनी छोटी सी राइस सिटी गोंदिया में स्थानीय निकायों के कई दिनों से चुनाव होने के अंदेशो पर कई महीनो से नजर रख रहा हूं,व अध्ययन कर रहा हूं तो दिख रहा है कि अनेक छोटे-छोटे कार्यकर्ता नेता पार्षद का चुनाव लड़ने के अपने स्वार्थ के जुगाड़ में गली मोहल्लों की साफ- सफाईयाँ करवा रहे हैं व उसके फोटो खींचकर अपने प्रचार करने के लिए सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे हैं, तो कई छुटभैया समाज के नेता अनेकों शिविर लगाकर, कोई इवेंट करवाकर तो कोई मेरिट विद्यार्थियों को सत्कार का आयोजन कर स्थानीय विधायक को बुलवाकर वाहवाही लूट रहे हैं,व सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्टकर रहेहैं तो कईसामाजिक छुटभैया नेता क्षेत्र के नए पदस्थ हुए चपरासी से लेकर बाबू व कलेक्टर तक तथा पुलिस कांस्टेबल से लेकर थानेदार और एसपी तक का जोरशोर से स्वागत कर उसके साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया पर पोस्ट कर इसके माध्यम से अपना वज़न बढ़ाने, वाहवाही लूटने में लगे हुए हैं, जो रेखांकित करने वाली बात है। परंतु आम जनता सब समझ रही है कि इसमें उन छुटभैया नेताओं का जरूर कोई स्वार्थ होगा या किसी उल्टे सीधे लफड़े वाले कामों से सलग्न होंगे, तो कोई अपने भाई को करोड़ों के ठेके दिलवा रहे हैं,नेत्रदान नेता बना रहे हैं, शिक्षण संस्थानों में अपना रुतबा दिखा रहे हैं।

चूँकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सही समय पर चुनाव के जरिए लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का सम्मान करना जरूरी है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र चुनाव आयोग को निर्देश,स्थानीय निकायों के चुनावों की अधिसूचना 4 सप्ताह में जारी करें, व चुनाव प्रक्रिया 4 माह में संपन्न करने का प्रयास करें।

साथियों बात अगर हम लंबे समय से रुके हुए महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों का रास्ता साफ होने की करें तो सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (6 मई, 2025) को महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव कराने को हरी झंडी दे दी,जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण पर मुकदमेबाजी के कारण वर्षों से रुके हुए थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने कहा कि समय-समय पर चुनाव कराकर जमीनी स्तरपर लोकतंत्र स्थापित करने के संवैधानिक आदेश को सुनिश्चित किया जाना चाहिए और उसका सम्मान किया जाना चाहिए।

# मातृ दिवस



आधुनिक मातृ दिवस का अवकाश ग्राफटन वेस्ट वर्जिनिया में एना जार्विस के द्वारा समस्त माताओं तथा मातृत्व के लिए खास तौर पर पारिवारिक एवं उनके आपसी सम्बन्धों को सम्मान देने के लिए आरम्भ किया गया था। मातृ दिवस अनाथ बच्चों के प्रति समाज की कुछ विशेष वर्ग की महिलाओं द्वारा ममत्व दिखाने का दिन है जो अनाथ बच्चे होते हैं उन्हें इस दिन अपनी 1 दिन की वात्सल्य देने वाली मां के लिए अति प्रेम रहता है सामान्यता यह दिन यूरोप अमेरिका में ही मनाया जाता है भारत में जो लोग पाश्चर संस्कृति को बढ़ावा देना चाहते हैं गत वर्षों में वह लोग भी इस दिन को मनाने लगे हैं भारतीय महाद्वीप में इस तरह का कोई दिन नहीं है भारतीय लोगों के लिए मां से प्रेम या पिता से प्रेम सदैव ही आजीवन अकल्पनीय एवं अद्भुत रहा है।

## ऐतिहासिक पूर्ववृत

एक विचार धारा ने दावा किया कि मातृ पूजा की रिवाज़ पुराने ग्रीस से उत्पन्न हुई है जो स्ब्बेले ग्रीक देवताओं की मां थीं, उनके सम्मान में ही मातृ दिवस मनाया जाता है। यह त्यौहार एशिया माइनर के आस-पास और साथ ही साथ रोम में भी वसंत विषुव के आस-पास इदेस ऑफ़ मार्च (15 मार्च) से 18 मार्च तक मनाया जाता था। कुछ लोगो का मानना है कि मदर्स डे कि शुरूआत एक अमेरिकन एक्टिविस्ट एना जार्विस से होती है। एना जार्विस को अपनी माँ से खास लगाव था। जार्विस अपनी माँ के साथ ही रहती थी और उन्होने कभी शादी भी नहीं की थी। माँ के गुजर जाने के बाद एना ने माँ से प्यार जताने के लिए मदर्स डे की शुरूआत की। तब से हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। प्राचीन रोमवासी एक अन्य छुट्टी मनाते थे, जिसका नाम है मेट्रोनालिया, जो जूनो को समर्पित था, यद्यपि इस दिन माताओं को उपहार दिये जाते थे।

यूरोप और ब्रिटेन में कई प्रचलित परम्पराएं हैं जहां एक विशिष्ट रविवार को मातृत्व और माताओं को सम्मानित किया जाता हैं जिसे मदरिंग सन्डे कहा जाता था। मदरिंग सन्डे समारोह, अन्गिलकान्स सहित, लितुर्गिकल कैलेंडर का हिस्सा है, जो कई ईसाई उपाधियों और कैथोलिक कैलेंडर में लेतारे सन्डे, चौथे रविवार लेंट में वर्जिन मेरी और मदर चर्च को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता हैं। परम्परानुसार इस दिन प्रतीकात्मक उपहार देने तथा कुछ परम्परागत महिला कार्य जैसे अन्य सदस्यों के लिए खाना बनाने और सफाई करने को प्रशंसा के संकेत के रूप में चिह्नित किया गया था।

मातृ दिवस, अंतर्राष्टीय महिला दिवस के रूप में कई देशों में 8 मार्च को मनाया जाता हैं। मदर डे प्रोक्लामेशन जुलिया वार्ड होवे द्वारा सर्वप्रथम अमेरिका में मातृ दिवस मनाया गया था। होवे द्वारा 1870 में रचित मदर डे प्रोक्लामेशन में अमेरिकन सिविल वार (युद्ध) और फ्रांको-प्रुस्सियन वार में हुई-मारकाट में शांतिवादी प्रतिक्रिया लिखी गयी थी। यह प्रोक्लामेशन होवे का नारीवादी विश्वास था जिसके अनुसार महिलाओं को राजनीतिक स्तर पर अपने समाज को आकार देने का सम्पूर्ण दायित्व मिलना चाहिए।

## महत्व

मातृ दिवस माता को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है. एक मां का आँचल अपनी संतान के लिए कभी छोटा नहीं पड़ता। माँ का प्रेम अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है कि माँ अपने बच्चे की खुशी के लिए सारी दुनिया से लड़ लेती है। एक मां का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, एक मां बिना ये दुनियां अधूरी है।

मातृ दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य मां के प्रति सम्मान और प्रेम को प्रदर्शित करना है भी है।

## वर्तनी

1912 में एना जार्विस ने सेकंड सन्डे इन मे और मदर डे कहावत को ट्रेडमार्क बनाया और मदर डे इंटरनेशनल एसोसिएशन का सृजन किया।

अमेरिकी राष्टपति वुड्रो विल्सन, अमेरिकी कांग्रेस द्वारा बिल, पर तथा अन्य अमेरिकी राष्टपतियों द्वारा उनकी घोषणाओं में छुट्टी को पंजीकृत करने के लिए इसी वर्तनी का कानूनी रूप में व्यवहार होता हैं।

अंग्रेजी भाषा में साधारण रूप से एकवचन सम्बन्धवाचक में मदर्स डे वर्तनी का प्रयोग होता हैं।

## दुनिया भर की तिथियां

मातृ दिवस दुनिया भर में अलग-अलग दिनों में मनाया जाता हैं। गूगल खोज की जांच प्रवृति के अनुसार मातृ दिवस के दो प्राथमिक परिणाम सामने आते हैं, वो है, लेंट में मदरिंग सन्डे की ब्रिटिश परंपरा से चौथे सन्डे (रविवार) का छोटा हिस्सा और मई के दूसरे सन्डे को सबसे बड़ा हिस्सा.

जैसा कि अमेरिकी छुट्टी अन्य देशों और संस्कृतियों के द्वारा अपनाया गया था, इसलिए पहले से ही मातृत्व सम्मान का जश्न मनाने के लिए तारीख बदली गई, च में मदरिंग सन्डे या यीशु के ग्रीस के मंदिर में परम्परानिष्ठ उत्सव के रूप में मनाया जाता हैं। कुछ देशों में बहुसंख्यक धर्मों के महत्त्वपूर्ण तिथियों की महत्ता को सम्मानित करने के लिए तारीख बदली गयी हैं, जैसे कि कैथोलिक देशों में वर्जिन मेरी डे अथवा इस्लामी देशों में पैगंबर मुहम्मद की बेटी के जन्मदिन के मामले में हुआ। अन्य देशों ने इन्हें ऐतिहासिक तारीखों में बदल दिया, जैसे बोलीविया ने उस खास युद्ध की तारीख का उपयोग किया जिसमें महिलाओं ने हिस्सा लिया था।

## अंतर्राष्ट्रीय इतिहास और परम्पराएं

अधिकांश देशों में, मातृ दिवस हाल ही में पालन की गयी छुट्टियों से व्युत्पन्न है जो उत्तरी अमेरिका और यूरोप में विकसित हुई है। जब यह अन्य देशों और संस्कृतियों के द्वारा अपनाया गया था तब इसे दूसरा अर्थ दिया गया, जो अलग घटनाओं (धार्मिक, ऐतिहासिक या पौराणिक) से जुड़े थे और अलग-अलग तारीख या तारीखों पर मनाये जाते थे।

कुछ देशों में पहले से ही मातृत्व का सम्मान करने के लिए समारोह था और उन्होंने समारोह का पालन करने के लिए अपनी स्वयं की मां को गुलनार फूल और अन्य उपहार देने जैसी कई बाहरी विशेषताएं अमेरिकन छुट्टियों से ली गयीं।

विभिन्न देशों में इस समारोह को मनाने का अपना-अपना तौर-तरीका हैं। कुछ देशों में अगर मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य पर अपनी मां को सम्मानित नहीं किया गया तो यह अपराध माना जाता हैं। कुछ देशों में, यह एक छोटे से प्रसिद्ध त्योहार के रूप में मनाया जाता हैं, जो अप्रवासियों या मीडिया के अनुसार विदेशी संस्कृति (वैसे ही जैसे कि ब्रिटेन और अमेरिका में दिवाली का त्यौहार) की देन हैं।

## धर्म

कैथोलिक धर्म में यह छुट्टी वर्जिन मेरी के श्रद्धांजली देने की प्रथा के साथ जुड़ा हुआ हैं।

हिंदू परंपरा में, इसे माता तीर्थ औंशी या मदर पिल्ग्रिमेज फोर्टनैट कहा जाता हैं और यह हिंदू जनसंख्या वाले देशों, विशेष रूप से नेपाल में, मनाया जाता हैं।

## देश

अफ्रीकी- कई अफ्रीकी देशों ने एक ही तरह का मातृ दिवस मनाने का तरीका ब्रिटिश परंपरा से अपनाया हैं, हालांकि मातृ दिवस मनाने के कई समारोह और घटनाएं जो अफ्रीका के यूरोपीय शक्तियों द्वारा उपनिवेशित होने से पहले कई विभिन्न संस्कृतियों के अंतर्गत अफ्रीकन महाद्वीप में मनाया जाता था।

बोलीविया- बोलीविया में, मातृत्व दिवस 27 मई को मनाया जाता हैं। इसे कोरोनिल्ला युद्ध को स्मरण करने के लिए 8 नवम्बर 1927 को कानून पारित किया गया। यह युद्ध 27 मई 1812 को उस जगह हुआ था जो अब कोचाबाम्बा का शहर कहलाता है। इस लड़ाई में, उन महिलाओं का स्पेनिश सेना द्वारा सरेआम कत्ल कर दिया गया जो देश की आजादी के लिए लड़ रही थी।

चीन- चीन में, मातृ दिवस अधिक लोकप्रिय होता जा रहा है। चीन में इस दिन उपहार के रूप में गुलनार का फूल, जो बहुत लोकप्रिय हैं सबसे अधिक बिकते हैं।[14] ये दिन गरीब माताओं की मदद के लिए 1997 में निर्धारित किया गया था। खासतौर पर लोगों को उन गरीब माताओं की याद दिलाने के लिए जो ग्रामीण क्षेत्रों, जैसे कि पश्चिम चीन में रहती थीं।

पीपुल्स डेली (जो चीन के कम्युनिस्ट पार्टी की पत्रिका हैं) के एक लेख में कहा गया था कि संयुक्त राष्ट में इस दिन का प्रादुर्भाव होने के बावजूद, चीन के लोग इस छुट्टी को बिना किसी हिचकिचाहट के मनाते हैं क्योंकि ये परम्परागत नीतियों, बुजुर्गों के प्रति सम्मान और संतानों का माता-पिता के प्रति धर्मनिष्ठा, के रूपरेखा के अंतर्गत आते हैं।

# 1971 से लेकर अब तक भारत-पाक युद्ध का रियल एस्टेट पर क्या हुआ असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। युद्ध किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को कई तरीके से प्रभावित करता है। रियल एस्टेट इससे अछूता नहीं है। आम तौर पर युद्ध के हालात बनने पर घर के खरीदार या रियल एस्टेट निवेशक अपना फैसला टाल देते हैं और डेवलपर अपने प्रोजेक्ट को धीमा कर देते हैं। हालांकि युद्ध के बाद रियल एस्टेट मार्केट में बाउंस बैक भी होता है। यहां हम देखेंगे कि 1971 के भारत-पाक युद्ध और 1999 के कारगिल युद्ध के बाद रियल स्टेट के विभिन्न सेगमेंट पर क्या असर पड़ा।

1971 का भारत-पाक युद्ध- प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी फर्म एनारॉक ग्रुप के रिसर्च हेड और रीजनल डायरेक्टर डॉ. प्रशांत ठाकुर के अनुसार दिसंबर 1971 में जब 13 दिनों तक लड़ाई चली थी, तो इकोनॉमी लगभग स्थिर हो गई थी। जीडीपी ग्रोथ 1969-70 के 5.4% की तुलना में 1971-72 में सिर्फ 1त्न रह गई। महंगाई 11त्न पर पहुंच गई और कंस्ट्रक्शन सैनिक ठिकानों तक सीमित हो गया।

हाउसिंग मार्केट पर प्रभाव - मुंबई में राज्य सरकार ने सीमेंट और स्टील पर अंकुश लगा दिया था, जिससे हाउसिंग प्रोजेक्ट के अप्रूवल 12त्न कम हो गए थे। महानगर में प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन भी 10त्न घट गया। महंगाई बेतहाशा बढ़ने के बावजूद रेंट कंट्रोल नियम के कारण किराया ज्यादा नहीं बढ़ा।

कॉमर्शियल रियल एस्टेट पर प्रभाव - इस सेक्टर में कोई खास FDI नहीं आया। प्राइवेट ऑफिस स्पेस का डेवलपमेंट लगभग ठहर गया। मुंबई के फोर्ट एरिया और दिल्ली के कनॉट प्लेस जैसी जगहों पर काफी ऑफिस स्पेस खाली हो गए। हालांकि नए ऑफिस की सप्लाई कम होने के चलते किराये में कमी नहीं आई।

हॉस्पिटैलिटी सेगमेंट पर प्रभाव- युद्ध का कुछ हद तक असर पर्यटन पर भी पड़ा। 1970 में यहां 20.02 लाख विदेशी टूरिस्ट आए थे। इनकी संख्या 1971 में 19.6 लाख रह गई। दिल्ली में होटल ऑक्युपेंसी 45% से भी नीचे आ गई थी।

कारगिल युद्ध के समय भारत की अर्थव्यवस्था का उदारीकरण हो चुका था और युद्ध के बाद बाजारों में रिकवरी भी तेजी से हुई।

## खाड़ी का नाम बदलने पर मैक्सिको हुआ गूगल से नाराज, दर्ज कराया मुकदमा



नई दिल्ली (एजेंसी)। मेक्सिको ने गूगल पर मुकदमा किया है। शुक्रवार को मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबान ने बताया कि गूगल मैप्स में उनके देश की खाड़ी को 'अमेरिका की खाड़ी' दिखाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। गलत मैप दिखाने से मैक्सिको काफी नाराज है। मैक्सिको ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 'मुकदमा पहले ही दर्ज करवा दिया गया था। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि कब और कहां ये मुकदमा दर्ज करवाया गया है। दी गार्जियन की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

इससे पहले फरवरी के महीने में मैक्सिको की राष्ट्रपति की तरफ से गूगल की पैरेंट कंपनी को चेतावनी दी गई थी। राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबान कानूनी सलाह लेने का प्रयास कर रही हैं।इससे पहले गुरुवार को अमेरिका के हाउस आफ रिप्रजेंटिटव्स ने मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने की मंजूरी दे दी थी। वोटिंग के दौरान सभी रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों ने इस प्रस्ताव को समर्थन किया। वहीं, डेमोक्रेट्स प्रतिनिधियों ने इसका समर्थन किया है। बता दें, यह डोनाल्ड ट्रंप की पॉलिसी का असर माना जा रहा है। इस प्रस्ताव पारित होने के बाद अब फेडरल एजेंसियों के लिए नाम आधिकारिक हो गया है। अमेरिका के अलावा कोई देश इस बात को माने या ना माने यह उसपर निर्भर करेगा।

## भारी बिकवाली में रेखा झुनझुनवाला को 2 शेयरों से हुआ 892 करोड़ रुपये का फायदा, आपके पास है कोई?



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार के चर्चित निवेशक रहे राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला को शुक्रवार को तगड़ा फायदा हुआ है। टाटा ग्रुप की दो कंपनियों के शेयरों में तेजी की वजह से उन्हें 892 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। ऐसा रिटर्न ऐसे समय में मिला है जब भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव की वजह से शेयरों बाजार में बिकावली का दौर है।

कौन से हैं वो 2 टाटा ग्रुप के स्टॉक- इस लिस्ट एक कंपनी का नाम टाइटन है। कंपनी ने मार्च तिमाही के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, दूसरी कंपनी टाटा मोटर्स है। टाटा मोटर्स को भारत और यूके के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का फायदा मिला है। बता दें, कारगिल युद्ध के दौरान भी टाटा मोटर्स का प्रदर्शन शानदार रहा था। तब कंपनी के शेयरों में करीब 92 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी।

टाइटन के शेयरों में शुक्रवार दिखी तूफानी तेजी- शुक्रवार को टाइटन के शेयरों में 4.95 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिली। कंपनी के शेयर 3530 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। मार्केट कैप 3.11 लाख करोड़ रुपये के ऊपर पहुंचने में सफल रहा था। बाजार के बंद होने के समय पर टाइटन के शेयरों का भाव 3363.45 रुपये के लेवल पर था। इस कंपनी झुनझुनवाला के शेयरों की वैल्यू शुक्रवार को 15,402.30 करोड़ रुपये से बढ़कर 16,165.09 करोड़ रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। महज एक दिन में उनके शेयरों की वैल्यू 762.69 करोड़ रुपये बढ़ी थी।

बता दें, टाइटन का नेट प्रॉफिट 870 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 10.70 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, इसी दौरान कंपनी का रेवन्यू 13477 करोड़ रुपये रहा है।

## बाजार में भूचाल के बीच इस सस्ते शेयर पर टूटे निवेशक, 2 से कम है कीमत



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीते शुक्रवार को बाजार की बिकवाली के बीच कुछ पेनी शेयरों को खरीदने की लूट थी। ऐसा ही एक पेनी शेयर- सत्व सुकून लाइफकेयर है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सत्व सुकून लाइफकेयर के शेयर 13.89त्न बढ़कर 1.23 रुपये पर बंद हुए। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 1.25 रुपये के स्तर तक पहुंच गई थी। पिछले साल जुलाई महीने में शेयर 0.75 पैसे पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। वहीं, 20 जनवरी 2025 को यह शेयर 1.65 रुपये पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

सत्व सुकून लाइफकेयर के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर्स की 3.62 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 96.38 फीसदी है। प्रमोटर्स में पूजा अग्रवाल के पास 50,000 शेयर या 0.03 फीसदी हिस्सेदारी है। रोशन डीलमार्क प्राइवेट लिमिटेड के पास 68,93,777 शेयर या 3.59 फीसदी हिस्सेदारी है।

हाल ही में सत्व सुकून लाइफकेयर लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और बारह महीनों के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी का नेट प्रॉफिट पिछले वर्ष की इसी अवधि में 48.19 लाख रुपये की तुलना में 74.5% बढ़कर 84.22 लाख रुपये हो गया।

# अप्रैल में SIP निवेश ने फिर बनाया रिकॉर्ड, जानिए Investors ने पिछले महीने लगाए कितने पैसे?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अप्रैल में सिस्टेमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान के जरिए म्यूचुअल फंड में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने निवेशकों ने एसआईपी के जरिए 26,632 करोड़ रुपये का निवेश किया। मार्च में निवेशकों ने एसआईपी में 25,926 करोड़ रुपये लगाए थे।

एम्फी के चीफ एक्जीक्यूटिव वेंकट चालसानी के अनुसार, एसआईपी में बढ़ोतरी खातों की संख्या बढ़ने के कारण हुई है। SIP खातों की संख्या अब 8.38 करोड़ हो गई है।

हालांकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में कुल निवेश घटा है। यह 3.24 प्रतिशत कम होकर 24,269 करोड़ रुपये रहा है। भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अनिश्चितता के कारण इक्विटी फंड में लगातार चौथे महीने गिरावट है। इक्विटी फंड में फरवरी में 29,303 करोड़, जनवरी में 39,688 करोड़ और दिसंबर में 41,156 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। निवेश भले कम हुआ हो, लेकिन लगातार 50 महीने से निवेश पॉजिटिव बना हुआ है।

अनिश्चितता के कारण निवेशकों का रुझान इक्विटी फंड से डेट फंड की ओर हुआ है। डेट फंड में पिछले महीने 2.19 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ। मार्च में इस फंड से निवेशकों ने 2.02 लाख करोड़ रुपये निकाले थे।

कुल मिलाकर देखें तो सभी तरह के म्यूचुअल फंड में अप्रैल में 2.77 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि मार्च में निवेशकों ने 1.64 लाख करोड़ रुपये निकाले थे। आम तौर पर वित्त वर्ष के आखिर में निवेशक पैसे निकालते हैं। इंडस्ट्री का एसेट अंडर मैनेजमेंट रिकॉर्ड 70 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

## चीन पर भारत ने कंसा शिकंजा, 5 साल के लिए सख्ती, सोलर कंपनी के शेयर चमके



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने चीन पर अपना शिकंजा कसा है। भारत ने चीन और वियतनाम से आयात किए जाने वाले कुछ खास तरह के सोलर ग्लास पर प्रति टन 664 डॉलर तक की एंटी-डंपिंग ड्यूटी (डंपिंग रोधी शुल्क) लगाई है। यह ड्यूटी 5 साल के लिए लगाई गई है। इन दोनों देशों से हो रहे सस्ते आयात से घरेलू मैन्युफैक्चर्स को प्रोटेक्ट करने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह बात एक गवर्नमेंट नोटिफिकेशन में कही गई है। एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाए जाने के बाद सोलर ग्लास बनाने वाली कंपनी बोरोसिल रिन्यूएबल्स के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। बोरोसिल रिन्यूएबल्स के शेयर शुक्रवार को बीएसई में 10 पर्सेंट उछलकर 532.15 रुपये पर बंद हुए हैं। बोरोसिल रिन्यूएबल्स लिमिटेड, बोरोसिल ग्रुप का हिस्सा है और यह सोलर ग्लास बनाने वाली दिग्गज कंपनियों में से एक है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# ईओडब्ल्यू ने नरसिंहपुर में बिजली कंपनी के अधिकारी उमाशंकर पाराशर के ठिकानों पर मारा छापा




नरसिंहपुर । नरसिंहपुर जिले में शनिवार सुबह आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ईओडब्ल्यू ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बिजली कंपनी में अधिकारी उमाशंकर पाराशर के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई ईओडब्ल्यू की जबलपुर यूनिट द्वारा की गई, जिसमें 15 सदस्यीय टीम ने एक साथ नरसिंहपुर, आमगांव के पास बीनेर ग्राम और निवारी गांव में स्थित संपत्तियों पर दस्तक दी।

फिलहाल कटनी जिले में बिजली कंपनी के विजिलेंस विंग में सहायक यंत्री एई के पद पर पदस्थ उमाशंकर पाराशर लंबे समय तक नरसिंहपुर में पदस्थ रह चुके हैं। उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत की जांच में यह खुलासा हुआ है कि उनकी कुल संपत्ति उनकी ज्ञात आय से ढाई गुना अधिक है। आय से अधिक संपत्ति के सबूत मिले

ईओडब्ल्यू के डीएसपी एबी सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पाराशर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के स्पष्ट साक्ष्य मिले हैं। टीम द्वारा पाराशर के नरसिंहपुर स्थित विपतपुरा इलाके के आवास, रोसरा स्थित दो अन्य निवास, निवारी गांव में कॉमन बायो केमिकल फैक्ट्री और बीनेर ग्राम में स्थित मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट पर कार्रवाई की जा रही है। यह प्लांट उनकी पत्नी के नाम पर बताया जा रहा है।

### *लेनदेन से जुड़े कागजात जब्त किए गए*

जांच टीम द्वारा घरों, फैक्ट्री और अन्य ठिकानों से दस्तावेज़, संपत्ति विवरण और लेनदेन से जुड़े अहम कागजात जब्त किए गए हैं। सभी संपत्तियों का आकलन किया जा रहा है और पूरी सूची तैयार की जा रही है। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई अभी जारी है और जल्द ही विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# बालाघाट के सादाबोड़ी में मीनाक्षी तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत



बालाघाट/तिरोड़ी। तिरोड़ी थाना के ग्राम गोसाईटोला सादाबोड़ी में शुक्रवार को मीनाक्षी तालाब में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। मरने वाले दोनों सगे भाई हैं। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया। बताया गया कि ग्राम गोसाईटोला सादाबोड़ी निवासी सोहन पिता गोविंदराम आंबाडारे 30 वर्ष, मोहन पिता गोविंदराम आंबाडारे 33 वर्ष गांव में ही अपने रिश्तेदारी के घर मकान में प्लास्टर करने गए थे।

शाम साढ़े छह बजे काम करने के बाद घर आए और सोहन आंबाडारे घर से सौ मीटर की दूरी पर गांव के ही रमेश ठवकर के खेत में बने मीनाक्षी तालाब में नहाने अपने बच्चों के साथ चला गया। सोहन को पानी में तैरते नहीं आता था। नहाते समय सोहन अधिक गहरे पानी में चले जाने से डूब गया।साथ गए बच्चों ने जोर-जोर से आवाज लगाई तो बड़ा भाई मोहन आंबाडारे दौड़कर आया। पानी में डूबे सोहन के बाल दिखने पर उसे बचाने तालाब में छलांग लगा दी। इसके बाद वह भी बाहर नहीं निकल पाया। घटना की सूचना स्वजनों ने तिरोड़ी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने देर शाम मौके पर पहुंचकर दोनों शव बरामद कर लिया। शनिवार को कटंगी में पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप मर्ग कायम किया गया।

मीनाक्षी तालाब 15 मीटर लंबा व 15 मीटर चौड़ा है। जिसमें राजीव सागर जलाशय से निकली नहर का पानी भरे जाने से आठ फीट से अधिक पानी हो गया हैं। इस तालाब में वैसे तो नहाते नहीं है, लेकिन मोहन आंबाडारे नहाने चला गया था। एक ही परिवार से एक साथ दो अर्थी निकलने से पूरे गांव में शोक का माहौल हैं।

मीनाक्षी तालाब में दो सगे भाई की डूबने से मौत हो गई। दोनों भाई राज मिस्त्री का काम करते थे। गांव में रिश्तेदारी के घर काम करने के बाद शाम को एक भाई नहाने तालाब में गया था। नहाते समय डूबा तो उसका बड़ा भाई बचाने गया वह भी डूब गया। दोनों के शव देर शाम बरामद कर लिए थे। दूसरे दिन शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिए गए हैं।

**- उमेश दियेवार, सहायक उपनिरीक्षक तिरोड़ी।**

# सीहोर के अमलाह टोल प्लाजा पर राजपूत करणी सेना ने किया उत्पात, पुलिस जांच में जुटी



सीहोर । अमलाह टोल प्लाजा पर राजपूत करणी सेना के लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक काली स्कॉर्पियो कार में सवार कुछ युवक टोल प्लाजा पर पहुंचे और बिना टोल दिए आगे निकलने का प्रयास करने लगे। इस दौरान टोल कर्मचारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिस पर युवकों ने कर्मचारियों से विवाद शुरू कर दिया।


घटना की जानकारी मिलते ही अमलाह पुलिस चौकी प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर मामला शांत कराया। इसके बाद स्कॉर्पियो सवार युवक वहां से चले गए। लेकिन करीब एक घंटे बाद 50 से 60 युवक लाठी-डंडों से लैस होकर चार-पांच गाड़ियों में सवार होकर वापस टोल पर पहुंचे।लाठी-डंडों से हमला कर दिया

वहां पहुंचते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और टोल कर्मचारियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले से टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

पुलिस की गाड़ी को देखते ही हमलावर युवक गाड़ियों में सवार होकर मौके से फरार हो गए। पुलिस के आने से कर्मचारियों की जान बच सकी। इस हमले में नीरज कुमार नामक टोल कर्मचारी चोट लगी है।

पुलिस ने मेडिकल करवाकर, घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर ली है। फुटेज के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# अंधविश्वास के चलते भतीजे ने की चाची की हत्या




जबलपुर । जबलपुर के कुंडम थाना क्षेत्र में नदी से नहाकर लौट रही एक महिला पर उसके भतीजे ने लाठी और पत्थर से हमला कर दिया। घटना में महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसकी चाची के हाथ में खाली लोटा था। खाली लोटा देखना अच्छा नहीं माना जाता, ऐसे में भतीजे ने उसे लाठी से पीटकर मार ही डाला।

जानकारी के ग्राम कुम्ही सतधारा निवासी तितरी बाई बरकड़े (57) शुक्रवार को नदी से स्नान कर घर लौट रही थी। रास्ते में उसे जेठ का बेटा मत्तु सिंह बरकड़े मिला। वह हाथ में लाठी लिए हुए था। इसे बाद चाची को देखते ही अपशब्द कहने लगा। पत्थर से चेहरा कुचल दिया

विरोध करने पर उसके लाठी से चाची पर हमला कर दिया। हमले से निढाल होकर जब चाची गिर गई तो उसके चेहरे को पत्थर से कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हो गया।पुलिस कर रही आरोपी की तलाश

ग्रामीणों ने महिला को देखकर स्वजन को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपित को उसकी चाची ने खाली लोटा दिखा दिया था। रास्ते में खाली लोटा दिखाने से अपशुकन मानकर आरोपित आक्रोशित हो गया। उसने चाची की मारपीट कर जान ले लिया। पुलिस फरार आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# चप्पल नीचे गिरी तो लड़के ने चलती ट्रेन से लगा दी छलांग, यात्रियों ने की चैन पुलिंग



नरसिंहपुर। जबलपुर के पास मदन महल स्टेशन के निकट चलती ट्रेन से चप्पल गिरने पर युवक ने छलांग लगाई। अन्य यात्रियों ने बताया कि शनिवार को ट्रेन संख्या 11062 अप पवन एक्सप्रेस में सवार एक 18 वर्षीय युवक सत्या नन्द ने चप्पल गिरने के चलते ट्रेन से ही छलांग लगा दी। घटना मदन महल स्टेशन के समीप की है, जब ट्रेन की गति थोड़ी धीमी थी। मिली जानकारी के अनुसार सत्यानन्द कोच संख्या एस 5 में सीट नंबर 32 पर सवार था। उसका कहना है कि चलती ट्रेन से उसकी चप्पल नीचे गिर गई थी, जिसके चलते वह उसे उठाने के लिए चलती ट्रेन से कूद गया। जैसे ही वह नीचे गिरा, अन्य यात्रियों ने तुरंत चैन पुलिंग कर ट्रेन को रोका और घायल युवक को ट्रैक से उठाया।

गंभीर रूप से घायल सत्या नन्द बेहोश हो गया था, जिसके बाद ट्रेन को नरसिंहपुर स्टेशन पहुंची, जहां आन ड्यूटी रेलवे चिकित्सक डा. आर.आर. कुर्रे को डिप्टी स्टेशन सुपरिटेंडेंट ने तुरंत सूचना दी। डा. कुर्रे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक का प्राथमिक उपचार किया। दोनों पैरों में लगी चोटों की ड्रेसिंग कर दवाएं दी गईं। डा. कुर्रे ने यात्रियों को आगाह करते हुए कहा कि चलती ट्रेन से चढ़ना या उतरना न केवल अवैध है, बल्कि जानलेवा भी हो सकता है। इससे यात्री की जान जोखिम में पड़ती है, और रेलवे प्रशासन को भी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है।




# अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें, नागरिक सेवाओं को करें सुनिश्चित : मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत शुक्रवार शाम एक उच्च स्तरीय बैठक कर वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा प्रबंधों पर गहन चर्चा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। शुक्रवार प्रातः भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा कर निर्देश दिए थे। प्रदेश के मैदानी अधिकारियों के साथ शाम को हुई बैठक में विभिन्न प्राथमिकताओं पर चर्चा की। बैठक में भारत सरकार से प्राप्त विस्तृत दिशा-निर्देशों की जानकारी से जिलों को अवगत करवाया गया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें। अधिकारी मैदान में दिखें। जनप्रतिनिधियों को भी विश्वास में लिया जाए और आवश्यक जनसहयोग प्राप्त किया जाए। आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने में भी वॉलिंटियर्स का आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में रिटायर्ड फौजियों सहित सामाजिक कार्यों से जुड़े वॉलिंटियर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अपराधियों के साथ किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाए। घटना घटित होने के पूर्व आवश्यक सावधानी बरती जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि नागरिकों के लिए आवश्यक सेवाएं भी समानांतर रूप से प्रदान करने का कार्य होता रहे।

समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के अलावा जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष कार्य करेंगे। सभी नियंत्रण कक्ष वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप संचालित होंगे। फायर ब्रिगेड सेवाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली की सप्लाई, पेयजल व्यवस्था नियमित रूप से बनी रहे, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

*सभी जिलों में की जाएगी मॉक ड्रिल, भ्रामक कंटेंट पर होगी सख्त कार्रवाई- बैठक में निर्देशित किया गया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक कंटेंट भेजने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। वरिष्ठ अधिकारी अवकाश पर नहीं जाएंगे। सभी जिलों में इमरजेंसी सेवाएं सुनिश्चित करते हुए सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा के संबंध में भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन का कार्य होगा।

बैठक में जानकारी दी गई कि आवश्यक सायरन की व्यवस्था भी जिलों में रहेगी। निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप नागरिकों को सुरक्षा के लिए सजग किया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार वॉलिंटियर्स एवं नागरिकों को प्रशिक्षित करने का कार्य भी किया जाएगा। जिलों में मॉक ड्रिल भी समय-समय पर होगी और रात्रि गश्त पुलिस की ओर से निरंतर होगी।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय कुमार शुक्ल, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे, होमगार्ड महानिदेशक श्री अरविंद कुमार, एडीजी इंटेलीजेंस श्री ए. साई मनोहर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान इंदौर से इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, आईजी श्री अनुराग, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

इंदौर। इंदौर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी की है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 4 जुलाई 2025 तक लागू रहेगा। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं के विरूद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण दिया जायेगा और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना एवं अफवाहें फैलाई जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी खुले स्थान पर अथवा मकानों की छतों पर ईंट, पत्थर, सोडावाटर की बोतल या अन्य कांच की बोतल, ज्वलनशील पदार्थ अथवा कोई विस्फोटक सामग्री जमा नहीं करेगा और न रखेगा, जिसका प्रयोग आतंक उत्पन्न करने अथवा किसी हिंसात्मक गतिविधियों में किया जा सकें। इन्दौर नगरीय पुलिस जिला की सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई अनुचित मुद्रण/प्रकाशन नहीं करेगा, जिससे साम्प्रदायिक तनाव अथवा समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना व ऐसी अफवाहें नहीं फैलायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही सोशल मिडिया पर किसी प्रकार का ऐसा धार्मिक शब्द या प्रतीक चिन्ह का प्रयोग करेगा।

## महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया हुई प्रारंभ

इंदौर। राज्य शासन के तकनीकी शिक्षा संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के समस्त पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया हेतु पंजीयन 30 अप्रैल से प्रारंभ कर दिया गया है। पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में अर्हकारी परीक्षा 10वीं के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती विजया शिन्दे द्वारा बताया गया कि ऐसे उम्मीदवार भी पंजीयन कर सकते है जो सत्र 2024-2025 में 10वी कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए है एवं जिनका परीक्षा परिणाम अभी जारी नहीं हुआ है, ऐसे उम्मीदवार यदि प्रवेश के लिये अपना रजिस्ट्रेशन कराते है तो उन्हें परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद कांउसलिंग पोर्टल पर परीक्षा परिणाम का विवरण दर्ज कर काउंसलिंग प्रक्रिया को पूर्ण करना आवश्यक होगा ।

अभ्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में मदद के लिये सभी शासकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में हेल्प सेंटर स्थापित किए गए हैं। प्राचार्य श्रीमती विजया शिंदे द्वारा बताया गया कि समस्त पाठ्यक्रम एआईसीटीई, आरजीपीवी एवं कांउसिल ऑफ आर्किटेक्चर से संबद्ध हैं। शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में अनेक रोजगार मूलक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में छात्राओं को प्रवेश मिलेगा।

# इंदौर में देवारण्य योजना के तहत वन समितियों को औषधीय पौधों – अश्वगंधा के संकलन पर कार्यशाला संपन्न

इंदौर। आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजना के अंतर्गत एक जिला एक औषधि अश्वगंधा पहल के तहत अश्वगंधा की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए वन समितियों और कृषकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला आयुष अधिकारी श्रीमती हंसा बारिया, वन विभाग की फॉरेस्ट रेंजर श्रीमती सुनीता ठाकुर, योजना के नोडल अधिकारी डॉ. शीतल कुमार सोलंकी, डॉ. कमलेश पाटिल, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. मनीष रघुवंशी, श्री प्रदीप शर्मा, बीट प्रभारी श्री सचिन मंडलोई के साथ इंदौर वन मंडल के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।



कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अश्वगंधा की खेती के आर्थिक और औषधीय महत्व को उजागर करना तथा कृषकों और वन समितियों को इसके उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के लिए प्रशिक्षित करना था। श्रीमती हंसा बारिया ने बताया कि अश्वगंधा की खेती न केवल किसानों के लिए आर्थिक समृद्धि का द्वार खोलेगी, बल्कि आयुष क्षेत्र में इंदौर को एक नई पहचान भी दिलाएगी।

श्रीमती ठाकुर ने वन समितियों को अश्वगंधा की खेती के लिए तकनीकी सहायता और वन भूमि के उपयोग पर जोर दिया। डॉ. सोलंकी ने अश्वगंधा की खेती की आधुनिक तकनीकों और इसके औषधीय गुणों पर प्रकाश डाला।

# इंदौर के कनाड़िया में 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक अहिल्या बावड़ी के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य हुआ पूरा

**मंत्री श्री सिलावट ने बावड़ी के अस्तित्व को बचाते हुए कराया जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण**

इंदौर। इंदौर जिले के कनाड़िया में स्थित माँ देवी अहिल्या बाई होलकर द्वारा निर्मित 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर पूर्ण कर लिया गया है। इंदौर विकास प्राधिकरण की इस परियोजना पर लगभग एक करोड़ रुपए की लागत आई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आगामी इंदौर प्रवास के दौरान इस ऐतिहासिक बावड़ी का लोकार्पण और देवी अहिल्या माता की प्रतिमा का अनावरण प्रस्तावित है। जल संसाधन श्री तुलसीराम सिलावट ने आज कनाड़िया पहुंचकर इस कार्य का अवलोकन किया। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि यह बावड़ी न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसकी भव्यता और सांस्कृतिक विरासत इसे एक संभावित प्रमुख पर्यटन केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर करती है।



## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने किया ग्राम पंचायतो का निरिक्षण



इंदौर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने आज विकासखंड महू के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के साथ-साथ अन्य शासकीय योजनाओं/संस्थाओं व जनपद पंचायत अंतर्गत संचालित उद्यमों का भ्रमण सह निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत कोदरिया एवं इससे लगे अन्य गाँवों में निरीक्षण के दौरान आलू चिप्स उद्योग से निकलने वाले दूषित पानी के कारण गंभीर नदी में हो रहे जल प्रदूषण के प्रबंधन पर चर्चा की। कोदरिया में लगभग 113 इस तरह के छोटे बड़े उद्योग संचालित है। इन उद्योगो से स्टार्च युक्त एवं केमिकल का दूषित जल निकल रहा है। चर्चा में इस तरह के दूषित जल के उचित निपटान पर चर्चा की गयी। बड़ी मात्रा में स्टार्चयुक्त जल होने से इसे उपयुक्त तकनीक के माध्यम से ही शोधित किया जा सकेगा, इस हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के राज्य कार्यालय से मार्गदर्शन व इस कार्य मे दक्ष संस्था या सलाहकारों की सहायता प्राप्त करने हेतु निर्देश दिये। ग्राम पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम मलेन्दी में निर्माण कार्यो व प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो का अवलोकन किया। आवास योजना के हितग्राहियों से चर्चा की। ग्राम भ्रमण के दौरान जल जीवन मिशन के योजना का भी निरीक्षण किया गया। भ्रमण के पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत महू में विभिन्न विकास कार्यो को लेकर योजना प्रभारियो, उप यंत्री , एडीओ ,पीसीओ व समस्त स्टाफ की बैठक ली गयी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, खेत तालाब योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना , जल जीवन मिशन, ई-केवायसी इत्यादि योजनाओ कि विस्त्रत समीक्षा बैठक ली गयी व जिला और राज्य स्तर से प्रदाय लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने व गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने हेतु सम्बन्धितो को निर्देशित किया गया।

# भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा लोक माता देवी अहिल्याबाई की 300वां जन्म जयंती पर तीन दिवसीय आयोजन

इंदौर। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा लोक माता देवी अहिल्याबाई की जयंती पर तीन दिवसीय आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर गूगल मीट (वीडियो कान्फ्रेंस) के माध्यम से आज एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गूगल मीट के माध्यम से इंदौर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह शामिल हुए। बैठक में प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि इस बार देवी अहिल्याबाई की जयंती का महत्व इसलिये भी विशेष है क्योंकि यह उनका 300वां जन्म जयंती वर्ष है। इस कारण इंदौर और महेश्वर सहित देशभर में विभिन्न प्रकार के उत्सवों का क्रम जारी है। उन्होंने बताया कि देवी अहिल्याबाई जयंती उत्सव को विशेष बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा में 20 मई को कैबिनेट बैठक आयोजित की जा रही है।

देवी अहिल्याबाई जयंती उत्सव 29 मई से 31 मई तक मनेगा। इस आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। इस तीन दिवसीय उत्सव में इंदौर, महेश्वर, वाराणसी आदि शहरों में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। सभी कार्यक्रमों को इस प्रकार से तैयार किया जायेगा, जिसमें जनमानस को देवी अहिल्याबाई के सुशासन, नारी सशक्तिकरण, उनके द्वारा किये गए लोक कल्याणकारी कार्यों की झलक देखने को मिले। आयोजन के तहत महिलाओं का एक ऐसा विशाल सम्मेलन होगा, जिसमें ऐसी महिलाएं प्रमुख रूप से शामिल होंगी, जिन्होंने स्वयं सहायता समूह, लघु उद्योग आदि से स्वयं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया है। इसके अलावा लोक माता के जीवन और कृतित्व पर केन्द्रित एक महानाट्य का मंचन भी होगा। इसी क्रम में देवी अहिल्याबाई द्वारा इंदौर, महेश्वर, वाराणसी आदि स्थानों पर किये गए मंदिरों के जीर्णोद्धार सहित कुएं, बावड़ियों, धर्मशाला आदि के निर्माण पर केन्द्रित एक पेंटिंग प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी, जिसे देशभर के श्रेष्ठ चित्रकारों ने बनाया है। इसके अलावा देवी अहिल्याबाई के जीवन कार्यों को लेकर एक फिल्म भी बनायी जायेगी।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने अत्यावश्यक सेवाओं से संबंधित विभागों के साथ बैठक की

उज्जैन । कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा ने शनिवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में जिले में अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों के साथ बैठक की।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए की जिले में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे। पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा ने बैठक में निर्देश दिए की आरटीओ विभाग द्वारा यात्री बसों व अन्य वाहनों की समय-समय पर जांच की जाए तथा कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति यदि मिले तो तुरंत अवगत कराया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई की 7 रैपिड रिस्पांस टीम बना ली गई हैं । ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध है और समस्त प्रकार की दवाईयों की भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है । कलेक्टर श्री सिंह ने पीडब्ल्यूडी को सड़क निर्माण और सेतु निर्माण के समस्त निर्माण कार्य निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। एमपीईबी को वार्निंग सिस्टम को एक्टिवेट करवाए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पतालों में पावर बैकअप सिस्टम चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए।



डीजी सेट के साथ ही पावर बैक अप सिस्टम को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। सभी अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे की जांच कर उनके सुव्यवस्थित ढंग से संचालन किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा नगर पालिका निगम को निर्देश दिए गए कि फायर फाइटर सिस्टम को चेक कर लिया जाए तथा फायर स्टेशन अलर्ट पर रहें । पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने कहा कि सभी अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े विभाग अलर्ट रहें । आमजन पैनिक ना हों। एमपीईबी के द्वारा विद्युत प्रदाय से संबंधित सेवाओं को चाक चौबंद रखा जाए। बैठक में एडीएम श्री प्रथम कौशिक , सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह तथा आरटीओ, पीएचई , पीडब्ल्यूडी, खाद्य विभाग, नगर पालिका निगम , स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथंगे वालों के मेले में भजनों पर झूमे भक्त

## आज 11 मई को सुबह पल्लव के पश्चात होगा मेले का समापन

उज्जैन। ''संत का आना ही बसंत का आना है, भोलेनाथ के सिवा भक्ति संभव नहीं। जिसकी मस्ती जिंदा है उसकी हस्ती जिंदा है, वरना वो जबरदस्ती जिंदा है। जिन्हें जनता चुनती है वह संसद में जाते हैं जिन्हें जनार्दन चुनते हैं वह सत्संग में जाते हैं। इतना दिया मुझे हाथुगे होंगे वाले साई ने इतनी मेरी हैसियत नहीं थी।''



1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथंगे वालों के मेले में साध गुरमुख दास इंदौर एवं गिरीश कृपलानी सिंगर कोटा द्वारा उक्त भजनों की प्रस्तुति दी। सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि दरबार साध पुरसनाराम साहिब (स्वामी पुरसनाराम धाम), ब्राह्मण गली, अब्दालपुरा में आयोजित भजन सत्संग में ऐसा रंग जमा कि सभी धर्मप्राणी भक्त झूमने लगे। रात्रि 10 बजे से मध्य रात्रि बजे तक यह भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। अंत में साध मुकेश एवं साध राजू द्वारा साई पुरुषन राम भूरे शेर जी का भजन गाकर कार्यक्रम का समापन किया। शनिवार 10 मई को शाम को 7 से 9 संझाशेवा तथा रात को 11 से सुबह 5 बजे तक भजन सत्संग का आयोजन हुआ। वहीं आज रविवार 11 मई सुबह पल्लव के पश्चात मेले का समापन होगा। दरबार साध पुरसनाराम साहिब भाई , साध पुरसनाराम साहिब सेवा मण्डल, साध मुकेश साध राजु साहिब जयपुर ने इस अवसर पर आकर तन-मन-धन से सेवा करके धर्म लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

# आज मनाएंगे श्री लक्ष्मी नृसिंह भगवान का प्राकट्य उत्सव



उज्जैन। तिरूपतिधाम बड़नगर रोड़ हनुमान बाग के सामने स्थित प्रभु श्री तिरूपतिधाम दिव्य देश में परंपरानुसार आज 11 मई को श्री लक्ष्मी नृसिंह भगवान का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा।

नृसिंह भगवान का महाभिषेक किया जाएगा वहीं संध्या 7 बजे महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। जगद्गुरू रामानुज संप्रदाय के श्री श्रीकांताचार्य महाराज अध्यक्ष एवं समस्त न्यास के ट्रस्टियों ने अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# मुस्लिम और पाकिस्तानी का अन्तर समझें देशवासी



उज्जैन।भारतीय मुसलमान अपनी जानों का नज़राना लिए हर हाल में अपने देश के प्रति समर्पित हैं। सरकार आदेशित करे हम हर कुर्बानी के लिए तैयार हैं। हमें पाकिस्तानी नहीं भारतीय मुस्लिम समझा जाए और हमारी राष्ट्रीय तथा धार्मिक भावनाओं का आदर किया जाए।

यह बात पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यकार अहमद रईस निज़ामी ने कही है। आपने कहा कि हमारे देश की बहादुर सेना ने उल्लेखनीय शौर्य का परिचय देते हुए दुश्मन को ना केवल मुंह तोड़ जवाब दिया है बल्कि आतंकवाद के विरूद्ध ऐसा करारा प्रहार किया है जो शांति की स्थापना के प्रयासों में मील का पत्थर साबित होगा।

ऐसे समय में जबकि हमें एक जुट हो कर अपनी सेना के मनोबल को बढ़ाने के प्रयास करना हैं और अधिकांश देशवासी ऐसा कर भी रहे हैं। किंतु ऐसे हालात में भी कुछ नासमझ लोगों की नासमझी चिंता का विषय है। हमें ऐसे लोगों को प्यार से समझाना होगा।

इस समय राष्ट्र हित में अपने मतभेद भुला कर राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सौहार्द को और अधिक मज़बूत करने की आवश्यकता है। देशवासियों को समझना होगा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम और नव निर्माण में मुसलमानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आज भी देश का मुसलमान पूरी तरह अपने देश के प्रति समर्पित है। इस वास्तविकता को अनदेखा करना न्यायोचित ना हो कर राष्ट्रीय मूल्यों का हनन होगा। निज़ामी ने कहा कि मुस्लिम और पाकिस्तानी के अन्तर को समझना नितांत आवश्यक है, हम मुस्लिम हैं अर्थात भारतीय मुस्लिम, हम किसी भी दृष्टि से पाकिस्तानी नहीं हैं। पाकिस्तान का विरोध किया जाना, हर स्तर पर उसका बायकॉट किया जाना, उसके प्रति अपने आक्रोश को प्रकट किया जाना समय की आवश्यकता है, इस कार्यवाही में हम देश के साथ हैं, किंतु विरोध की इस आग में हम अपने आपसी संबंधों को जला डालें यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

हिंदू हमारे लिए बड़े भाई की तरह हैं, हम उनकी धार्मिक सांस्कृतिक भावनाओं का आदर और सम्मान करते हैं और करते रहेंगे। हमारी वर्षों पुरानी सांझी विरासत है, जहां संभव होता है हम हिन्दू भाईयों के साथ खड़े दिखाई देते हैं। पाकिस्तान से युद्ध और टकराहट की कार्यवाही में भी हमारी भावनाएं वैसी ही हैं जैसी हिंदू समाज की हैं।

# अंकितग्राम, सेवाधाम के निराश्रित-दिव्यांग बच्चों को नवजीवन देने वाली 300 बच्चों की माँ कांता भाभी एवं सैकड़ों माताओं की सेवा में रत सुधीर भाई गोयल

उज्जैन। कांता भाभी का जन्म महाराष्ट्र के नागपुर शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी परिवार में हुआ। पाँच भाई और पाँच बहनों में सबसे छोटी होने से सबकी लाड़ली थी। जन्म के बाद परिवार का व्यवसाय खूब फला-बढ़ा, इन्दौर आने तक महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में पोद्दार ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज के रूप में पहचान बनायी। कांताजी ने कभी यह नही सोचा था कि उनका विवाह एक उद्योगपति की जगह समाजसेवी से होगा और बच्चों के साथ रहना पड़ेगा शहर से दूर गांव में।



सुधीर भाई के साथ 1983 में विवाह बंधन में बंधने के बाद अनेक पारिवारिक और निजी समस्याओं का सामना करना पड़ा अनेक बार कई विषयों पर मतभेद हुए लेकिन धीरे-धीरे मानस को तैयार किया, पति के कार्य में सहयोग करने लगी, अपना धन और अनेक गहने भी सेवा को समर्पित किए। इस बीच 1991 में एकमात्र पुत्र अंकित के आकस्मिक निधन से निश्चित ही मन में उथल-पुथल हुई लेकिन कुछ ही समय में अपने आपको सम्हाला और जुट गई, समर्पित हो गयी मानव सेवा को। सेवाधाम आश्रम के बच्चों से लेकर बुढ़े निराश्रित- मनोरोगियों-दिव्यांगों की सेवा के साथ-साथ, बड़े-बड़े भवनों में आधुनिक सुख सुविधाओं के साथ रहने वाली कांताजी उज्जैन में रहकर अपनी दोनों बेटियों मोनिका और गोरी के साथ पति के सेवा कार्यों में हाथ बटा रही थी कि इकलौती ननद अमिता की हत्या और ससुर सत्यनारायणजी की असामायिक मौत ने फिर से मनःस्थिति खराब की और कुछ ही समय बाद सास सत्यवतीदेवी ने भी बिस्तर पकड़ लिया, घर में अपनी दोनों देवरानियों के साथ सासू माँ की सेवा और सेवाधाम की सेवा जीवन की दिनचर्या बन गयी। इसके साथ बेटियों की शिक्षा एवं लालन-पालन की जिम्मेदारी सम्हालना पड़ी।

विपरित परिस्थितियों में भी पति का साथ नही छोड़ा और शहर से गांव की ओर चल पड़ी। आज तीन दशक से पति सुधीर भाई और दोनों बेटियों के साथ ग्राम अम्बोदिया में अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में रहकर अल्प सुविधाओं में जीवन बसर कर रही है और यहां रहने वाले निराश्रित, दिव्यांग, अभावग्रस्त बच्चों की माँ के रूप में अपने दायित्व का निर्वाह कर रही है, सूर्योदय पर अग्निहोत्र से दिनचर्या प्रारंभ करती है और यहां आने वाले प्रत्येक दिव्यांग, निराश्रित बच्चों से लेकर विक्षिप्त माताओं के गर्भस्थ शिशुओं के साथ ही मनोरोगी स्त्री-पुरूषों को भी माँ के समान प्रेम भरा स्नेह प्रदान करते समय कभी यह बात मन में नही लाती है कि ये उनके अपने बच्चे नही है।

कांता भाभी के साथ ही अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई आश्रम में निवासरत सैकड़ों माताओं जिन्हें किन्ही परिस्थितियों में त्याग दिया गया उनका पुत्र बन सेवा कर रहे है और यहां यह उल्लेखनीय है कि इस आश्रम में निवासरत प्रत्येक वृद्ध माता उन्हें अपने पुत्र ज्यादा मानकर लाड़-दुलार करती है, दोनों बेटियाँ मोनिका दीदी, गोरी दीदी भी सबकी अपनी माँ के समान ही भूमिका का निर्वाह कर रही है।

# लोक अदालत में समझौते के कारण अदावत खत्म हुई



उज्जैन। नेशनल लोक अदालत में जिले में चौपन खंडपीठों मेसे उज्जैन शहर में 29 खंडपीठ ने कार्य किया। प्रशिक्षित मध्यस्थ ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट के 29 प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से हुआ,उनमें से न्यायिक दंडाधिकारी माधव प्रथम श्रेणी सुश्री पारुल जैन के न्यायालय में लंबित एक प्रकरण में पीड़ित यशपाल लोदवाल निवासी 45/1 किशनपुरा का पड़ोसी आरोपी विजय गहलोत,लक्ष्मी गहलोत, अंकित गहलोत निवासी 46/1 किशनपुरा से कुत्ते के कारण विवाद मारपीट में बदल गया,लोक अदालत में दी गई समझाइस के आधार पर आपसी सहमति से समझौता कर प्रकरण का निराकरण किया गया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com